महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY

पत्रांकः एम.जे.पी.रू.वि. / कु.स.का. / 2022 / 33

दिनांकः 11.10.2022

अनुस्मारक

सेवा में,

1. समस्त संकायाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष / शिक्षक, विश्वविद्यालय परिसर।
2. प्राचार्य / प्राचार्या / प्रबंधक, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय, एम.जे.पी. रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली।

विषयः **प्रदेश स्तरीय एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट ABACUS-UP पर डाटा अपलोड करने के सम्बन्ध में।**

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक अपर मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन, उच्च शिक्षा अनुभाग–3 के पत्रांक संख्या–1013 / सत्तर–3–2022 दिनांक 19.04.2022 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसके माध्यम से प्रदेश स्तरीय एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट ABACUS-UP पोर्टल पर प्रदेश के शिक्षण संस्थानों द्वारा आधारभूत सुविधाओं, शिक्षकों एवं छात्रों के डाटा को अपलोड किये जाने के निर्देश दिये गये है।

उपरोक्त के क्रम में अवगत कराना है कि दिनांक 11.10.2022 को अपरान्ह् 03:00 बजे प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उ0 प्र0 शासन, लखनऊ की अध्यक्षता में ''ABACUS-UP पोर्टल पर प्रविष्टियॉ अपलोड किये जाने की अद्यतन स्थिति'' के सम्बन्ध में वर्चुअल बैठक आहूत की गई, जिससे महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों का डाटा ABACUS-UP पोर्टल पर अपलोड करने हेतु निर्देशित किया गया। **जिन महाविद्यालयों / विभागों का अभी तक ABACUS-UP पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन नहीं हुआ है, वह सभी महाविद्यालय / विभाग ABACUS-UP पोर्टल पर यथाशीघ्र रजिस्ट्रेशन कर अपनी–अपनी प्रविष्टयॉ अवश्य अपलोड कर दें तथा जिन महाविद्यालयों / विभागों ने रजिस्ट्रेशन के उपरान्त आधारभूत संरचना, शिक्षक, विभाग, पाठ्यक्रम, विषय आदि का विवरण ABACUS-UP पोर्टल पर अपलोड नहीं किया है वह आवश्यक रूप से उक्त विवरण को ABACUS-UP पोर्टल पर अपलोड कर दें।**

किसी भी तकनीकि जानकारी के लिए प्रो0 विनय ऋषिवाल (9412149229), नोडल अधिकारी, सी.एस.आई.टी. विभाग एवं श्री अतुल शर्मा (8077914522), प्रोग्रामर, विश्वविद्यालय परिसर से सम्पर्क किया जा सकता है।

कुलसचिव

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. प्रो0 विनय ऋषिवाल, नोडल अधिकारी, सी.एस.आई.टी. विभाग, वि.वि. परिसर।
2. श्री अतुल शर्मा, प्रोग्रामर।
3. मीडिया प्रभारी।
4. वेबसाइट प्रभारी।
5. निजी सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
6. वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव।

कुलसचिव